# पूर्व मध्य रेल

## संरक्षा बुलेटिन नं0–09/25

कार्यालय
महाप्रबंधक/संरक्षा
हाजीपुर

पत्र सं0 ईसीआर/संरक्षा बुलेटिन/09/25 दिनांकः 05.06.2025

विषयः दिल्ली मंडल के नई दिल्ली यार्ड में गाड़ी संख्या 20801 (मगध एक्सप्रेस) के खाली रेक के पावर कार का स्टेबलिंग लाइन संख्या–09 में रौल डाउन एवं अवपथन के विषय में ।

**1. संक्षिप्त विवरणः**

दिनांक 25.04.2025 को शंटिंग इंजन संख्या–36275 द्वारा नई दिल्ली यार्ड में शंटिंग किया जा रहा था । शंटिंग इंजन वाशिंग लाइन संख्या–11 से निकलकर स्टेबलिंग लाइन संख्या–14 से गाड़ी संख्या 12445 (उत्तर सम्पर्क क्रांति) के खाली रेक को वाशिंग लाइन संख्या–09 पर रखने का कार्य कर रहा था । उसी समय कार्यरत वरीय कॉटावाला द्वारा गाड़ी संख्या 20801 (मगध एक्सप्रेस) के स्टेबलिंग लाइन संख्या–09 के नीचे से स्कॉच ब्लाक एवं आयरन स्किड को हटा दिया गया । स्टेबलिंग लाइन ग्रेडियन पर होने के कारण मगध एक्सप्रेस के खाली रेक के पावर कार का निजामुद्दीन–छोर के सभी चक्के एवं दिल्ली–छोर के 03 चक्के पटरी से तकरीबन 14.48 बजे खुले ट्रैप संख्या–441 पर उतर गए ।

**2. प्रकियागत विफलताः**

दिनांक 25.04.2025 को रेक के रॉल डाउन एवं तत्पश्चात् अवपथन की घटना की प्रारंभिक जॉच में यह पाया गया कि–

(i) कार्यरत कॉटावाला स्टेबलिंग लाइन संख्या–14 एवं स्टेबलिंग लाइन संख्या–09 की सही जगह का आकलन करने में विफल रहा ।

(ii) शंटिंग इंजन के पायलट को कार्य के दौरान वॉकी–टॉकी नहीं दिया गया था ।

(iii) नई दिल्ली यार्ड ग्रेडियन (ढलान) पर अवस्थित है किन्तु इस संबंध में कोई वोर्ड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा प्रदर्शित नहीं किया गया था ।

(iv) नई दिल्ली कोचिंग यार्ड में काफी लाइनें हैं किन्तु कार्यरत कर्मचारियों के मार्गदर्शन के लिए कोई संकेत बोर्ड उपलब्ध नहीं था ।

**3. जॉच के दौरान स्थापित तथ्यः**

उक्त घटना की जॉच वरीय पर्यवेक्षकों द्वारा की गई जिसमें निम्न तथ्य उजागर हुए–

(i) ट्रैप कॉटा संख्या–441 से 6.20 मीटर पर प्वाइंट ऑफ ड्रॉप मिला ।
(ii) प्वाइंट ऑफ ड्रॉप से 16.90 मीटर तक ड्रैगिंग पाया गया ।
(iii) ट्रैप कॉटा संख्या–441 का हील ब्लॉक टूटा/क्षतिग्रस्त पाया गया ।
(iv) इस घटना में 23 स्लीपर भी क्षतिग्रस्त हो गए ।

(v) कार्यरत कॉंटावाला स्टेबलिंग लाइन संख्या–09 को स्टेबलिंग लाइन संख्या–14 समझ बैठा और उसने गाड़ी संख्या 20801 (मगध एक्सप्रेस) के रेक को रिलीज कर दिया ।

(vi) स्टेबलिंग लाइन संख्या–09 ग्रेडियन (ढलान) पर होने के कारण तकरीबन 45 मीटर रॉल डाउन होने के बाद अवपथन की घटना हुई ।

(vii) नई दिल्ली यार्ड में स्टेबलिंग लाइन की संख्या बताने के लिए कोई बोर्ड नहीं लगा हुआ था ।

(viii) ग्रेडियन (ढलान) बताने वाला कोई संकेत बोर्ड भी इंजी0 विभाग द्वारा प्रदर्शित नहीं किया गया था ।

4. नियमों का अनुपालन एवं बरती जानेवाली सावधानियाँ

(i) कार्यरत कॉंटावाला रेकों को रिलीज करने से पहले उक्त रेक की सही लाइन संख्या का पता मुख्य यार्ड मास्टर से अवश्य लें ।

(ii) कार्यरत कॉंटावाला/यार्ड कर्मचारी लाइन संख्या की गणना सही से करें एवं दुविधा की स्थिति में यार्ड कार्यालय से सम्पर्क जरूर करें ।

(iii) इंजी0 विभाग द्वारा लाइन संख्या दर्शाने के लिए बड़े यार्ड में संकेत बोर्ड लगाया जाए ।

(iv) भारतीय रेल पी.वे मेनूअल के पारा संख्या–643 के निदेर्शों के अनुसार यार्ड में ग्रेडियन (ढलान) रहने पर ग्रेडियन बोर्ड लगाया जाए ।

(v) यार्ड में कार्यरत कर्मचारियों में समन्वय के लिए पर्याप्त संख्या में वॉकी–टॉकी उपलब्ध कराया जाए ।

उपरोक्त निर्देशों का सर्वसंबंधित द्वारा कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए । मंडलों के संबंधित अधिकारीगण तथा पर्यवेक्षक नियमित तथा औचक निरीक्षण के समय इन निर्देशों का अनुपालन अवश्य देखें।

05/06/15

(प्रभास राघव)
उप मुख्य संरक्षा अधिकारी/यातायात

प्रतिलिपिः–

1. महाप्रबंधक के सचिव–महाप्रबंधक महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. अपर महाप्रबंधक, प्र0 मु0 परि0 प्र0, प्र0 मु0 इंजी0, प्र0 मु0 वि0 इंजी0, प्र0 मु0 सि0 एवं दू0 इंजी0, प्र0 मु0 यां0 इंजी0 –को सादर सूचनार्थ।
3. मु0 यां0 यो0 प्र0, मु0 या0 या0 प्र0, मुख्य ट्रैक इंजी0, मु0 सि0 इंजी0, मु0वि0वि0इंजी0, मु0 वि0 लो0 इंजी0
4. मंडल रेल प्रबंधक/धनबाद, दीनदयाल उपाध्याय नगर, दानापुर, सोनपुर एवं समस्तीपुर।
5. वमसंअ0 वमपरि0 वमंविई0 (टीआरडी), वमंविई0 (परि0), वमंसिदूई0 , वमअभि0 (सम0)धनबाद, दीन दयाल उपाध्याय नगर, दानापुर, सोनपुर एवं समस्तीपुर।
6. सभी सर्व संबंधित पर्यवेक्षक एवं रेल कर्मचारी।